# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 18.12.25 | 5 | 4-5 |

## हकृवि में विभिन्न विषयों पर होंगे प्रशिक्षण कार्यक्रम

### मशरूम उत्पादन, मधुमक्खी पालन व केंचुआ खाद उत्पादन पर दिया जाएगा प्रशिक्षण

हिसार, 17 दिसम्बर (विरेंद्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान में मशरूम उत्पादन तकनीक, मधुमक्खी पालन तथा वर्मिकंपोस्टिंग/केंचुआ खाद उत्पादन पर प्रशिक्षण आयोजित किए जाएंगे।

प्रशिक्षण संस्थान के सह-निदेशक डॉ. अशोक गोदारा ने बताया कि 20 से 22 दिसंबर तक मशरूम उत्पादन तकनीक, 22 से 24 दिसंबर को मधुमक्खी पालन व वर्मिकंपोस्टिंग/केंचुआ खाद उत्पादन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश के किसी भी वर्ग, आयु, शैक्षणिक योग्यता के इच्छुक महिला या पुरुष इस प्रशिक्षण में भाग ले सकते हैं। यह प्रशिक्षण बिल्कुल निशुल्क है और प्रशिक्षण में पूरी अवधि में भाग लेने वाले उम्मीदवारों को विश्वविद्यालय की ओर से प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा क्रियान्वित की जा रही योजनाओं एवं कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण के माध्यम से प्रशिक्षणार्थियों का कौशल विकास किया जाएगा। इस दौरान प्रतिभागियों को विश्वविद्यालय की संबंधित इकाइयों का भ्रमण भी करवाया जाएगा।

यह प्रशिक्षण पहले आओ पहले पाओ के आधार पर दिया जाएगा। प्रशिक्षण का समय सुबह 9:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक रहेगा। यह संस्थान विश्वविद्यालय के गेट नंबर 3 लुदास रोड पर स्थित है। प्रशिक्षण में पंजीकरण के लिए अपने साथ एक फोटो और आधार कार्ड की फोटोकॉपी साथ लेकर आएं। इससे पहले उपरोक्त संस्थान द्वारा 'मशरूम उत्पादन तकनीक' पर तीन दिवसीय अवधि के दो प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुए। इस प्रशिक्षण में राजस्थान और हरियाणा के 12 जिलों से प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 18.12.25 | 3 | 2 |

## मशरूम, मधुमक्खी पालन व केंचुआ खाद बनाने का देंगे प्रशिक्षण

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय स्थित सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान में मशरूम उत्पादन तकनीक, मधुमक्खी पालन तथा वर्मिकंपोस्टिंग (केंचुआ खाद उत्पादन) पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

संस्थान के सह-निदेशक डॉ. अशोक गोदारा ने बताया कि 20 से 22 दिसंबर तक मशरूम उत्पादन तकनीक, जबकि 22 से 24 दिसंबर तक मधुमक्खी पालन एवं वर्मिकंपोस्टिंग/केंचुआ खाद उत्पादन पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश के किसी भी वर्ग, आयु एवं शैक्षणिक योग्यता के इच्छुक महिला व पुरुष इस प्रशिक्षण में भाग ले सकते हैं।

डॉ. गोदारा ने बताया कि प्रशिक्षण पूरी तरह निशुल्क रहेगा। प्रशिक्षण की पूरी अवधि में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को विश्वविद्यालय की ओर से प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी जाएगी तथा प्रतिभागियों का कौशल विकास किया जाएगा। ब्यूरो

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 18.12.25 | 12 | 6 |

## हकृवि में होंगे प्रशिक्षण कार्यक्रम

हिसार। प्रशिक्षण संस्थान के सह-निदेशक डॉ. अशोक गोदारा ने बताया कि 20 से 22 दिसंबर तक मशरूम उत्पादन तकनीक, 22 से 24 दिसंबर को मधुमक्खी पालन व वर्मिकंपोस्टिंग/केंचुआ खाद उत्पादन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश के किसी भी वर्ग, आयु, शैक्षणिक योग्यता के इच्छुक महिला या पुरुष इस प्रशिक्षण में भाग ले सकते हैं। यह प्रशिक्षण बिल्कुल निशुल्क है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| न्यूज रील इंडिया | 17.12.2025 | -- | -- |

News Reel India
19h ·

हकृवि में विभिन्न विषयों पर आयोजित होंगे प्रशिक्षण कार्यक्रम

हिसार 17 दिसंबर - चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान में मशरूम उत्पादन तकनीक, मधुमक्खी पालन तथा वर्मिकंपोस्टिंग/केंचुआ खाद उत्पादन पर प्रशिक्षण आयोजित किए जाएंगे।

यह जानकारी देते हुए प्रशिक्षण संस्थान के सह-निदेशक डॉ. अशोक गोदारा ने बताया कि 20 से 22 दिसंबर तक मशरूम उत्पादन तकनीक, 22 से 24 दिसंबर को मधुमक्खी पालन व वर्मिकंपोस्टिंग/केंचुआ खाद उत्पादन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश के किसी भी वर्ग, आयु, शैक्षणिक योग्यता के इच्छुक महिला या पुरुष इस प्रशिक्षण में भाग ले सकते हैं। यह प्रशिक्षण बिल्कुल निशुल्क है और प्रशिक्षण में पूरी अवधि में भाग लेने वाले उम्मीदवारों को विश्वविद्यालय की ओर से प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा क्रियान्वित की जा रही योजनाओं एवं कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण के माध्यम से प्रशिक्षणार्थियों का कौशल विकास किया जाएगा। इस दौरान प्रतिभागियों को विश्वविद्यालय की संबंधित इकाइयों का भ्रमण भी करवाया जाएगा।

यह प्रशिक्षण पहले आओ पहले पाओ के आधार पर दिया जाएगा।

प्रशिक्षण का समय सुबह 9:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक रहेगा। यह संस्थान विश्वविद्यालय के गेट नंबर 3 लुदास रोड पर स्थित है। प्रशिक्षण में पंजीकरण के लिए अपने साथ एक फोटो और आधार कार्ड की फोटोकॉपी साथ लेकर आएं।

इससे पहले उपरोक्त संस्थान द्वारा 'मशरूम उत्पादन तकनीक' पर तीन दिवसीय अवधि के दो प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुए। इस प्रशिक्षण में राजस्थान और हरियाणा के 12 जिलों से प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया था।

Photo : Monu

